बीपीसीसी 104

# कला स्नातक (ऑनर्स) मनोविज्ञान
# (बीएपीसीएच)

## कोर पाठ्यक्रम (CC)

## सत्रीय कार्य
## जुलाई 2025 और जनवरी 2026 सत्रों के लिए

पाठ्यक्रम कोड : बीपीसीसी 104
पाठ्यक्रम शीर्षक : मनोवैज्ञानिक शोध के लिए सांख्यिकी विधियाँ-I

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

मनोविज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

# सत्रीय कार्य
# जुलाई 2025-2026

प्रिय शिक्षार्थी,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है कि इग्नू मनोविज्ञान के कोर पाठ्यक्रम में मूल्यांकन तीन भागों में है। इस पाठ्यक्रम में मूल्यांकन, इस प्रकार से है,: i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत् मूल्यांकन, ii) ट्यूटोरियल और iii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 20 प्रतिशत, ट्यूटोरियल के लिए 10 प्रतिशत तथा सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक निर्धारित है।

**बीपीसीसी** 104, 6 क्रेडिट (4 क्रेडिट थ्योरी + 2 क्रेडिट ट्यूटोरियल) कला स्नातक मनोविज्ञान ऑनर्स का पाठ्यक्रम है। आपको **बीपीसीसी** 104 के 4 क्रेडिट के लिए निम्नलिखित अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करने होंगे।

**सत्रीय कार्य-I** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं। आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ एवं जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य-II** में संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न हैं। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

**ट्यूटोरियलः** इस पाठ्यक्रम में ट्यूटोरियल सम्मिलित है। ट्यूटोरियल घटक अनिवार्य है जो 02 क्रेडिट का है। यह मुख्यतः गतिविधियों के रूप में होगा। इसका मूल्यांकन अकादमिक परामर्शदाता के द्वारा किया जाएगा। आपको पाठ्य सामग्री को ध्यान लगाकर पढ़ना चाहिए तथा इस जानकारी को दैनिक जीवन में लागू करने का प्रयास करना चाहिए। यह गतिविधि आपके पुस्तकीय ज्ञान को दैनिक जीवन अनुभव के साथ संबंधित कर आपकी क्षमता का विकास करने में सहायता प्रदान करेगी।

**सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें।**

आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगा, तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

| सत्र | सत्रीय कार्य जमा करने की तिथि | सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2025<br>एवं<br>जनवरी 2026 | 31 मार्च, 2026<br>एवं<br>30 सितम्बर, 2026 | पूरा किया हुआ सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा करें। |

आपको सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्दर जमा करने होंगे, जिससे आप सत्रांत परीक्षा दे सके।

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिए। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। पूर्ण किये हुए सत्रीय कार्य आपको प्रदान किये गये अध्ययन केन्द्र के संयोजक को ही भेजने होते हैं।

**सत्रीय कार्य लिखने से पहले नीचे दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अनुकरण करें:**

1. आपके लिए नीचे दिए गये तथ्यों पर ध्यान केन्द्रित करना उपयोगी साबित होगा।

   **a)** **योजना** : सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

   **b)** **संगठन** : अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें। उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि :

      (i) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

      (ii) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

      (ii) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

c) **प्रस्तुतीकरण** : जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हो, उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

2. अपने उत्तर लिखने के लिए A4 साइज पेपर का प्रयोग करें और सभी पेजों को ध्यानपूर्वक टैग करें। बायीं ओर 4 सेमी का हाशिया और दो उत्तरों के बीच कुछ जगह छोड़े। उपयुक्त जगहों पर छोड़े गये हाशिया में उपयुक्त टिप्पणी करने के लिए शैक्षणिक परामर्शदाता (academic counselor) को सुविधा होगी।

3. *उत्तर आपकी स्वयं की लिखावट में होनी चाहिए*। अपने उत्तरों को टाइप या प्रिंट न करें। विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गये अध्ययन सामग्री से अपने उत्तर की नकल न करें। अगर आप अध्ययन सामग्री से नकल करते हैं तो आपको शून्य अंक मिलेंगे।

4. आपको सत्रीय कार्य की एक प्रति पूर्ण किए सत्रीय कार्य के साथ इसे जमा करने से पहले संलग्न करनी होगी।

5. अगर आपने अध्ययन केन्द्र परिवर्तित के लिए निवेदन किया हुआ है, तो आपको सत्रीय कार्य, मूल अध्ययन केन्द्र में ही जमा करना चाहिए जब तक कि आपको विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन केन्द्र के बदलने की सूचना ना मिल जाये।

6. अगर आपको अपने सत्रीय कार्य के मूल्यांकन के पश्चात् कोई वास्तविक त्रुटि मिलती है जैसे सत्रीय कार्य का कोई हिस्सा का मूल्यांकन नहीं हुआ हो या कुल अंक जो संत्रीय कार्य पर गलत अंकित है, आदि। ऐसी त्रुटियों के सुधार के लिए और मुख्यालय में सही अंको को भेजने के लिए, अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक से संपर्क करें।

शुभकामनाओं के साथ,

मनोविज्ञाान संकाय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,

इग्नू, नई दिल्ली

## बीपीसीसी 104 : मनोवैज्ञानिक शोध के लिए सांख्यिकी विधियाँ-I
## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडः **BPCC-104**
सत्रीय कार्य कोड : बीपीसीसी **104**/एएसएसटी./**TMA**/जुलाई, 2025 - जनवरी, 2026
अधिकतम अंकः **70**

नोटः 1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2) सत्रीय कार्य अधिकतम 70 अंक का है। ट्यूटोरियल अधिकतम 30 अंक का है।
3) सत्रीय कार्य एवं ट्यूटोरियल अलग से जमा किए जाएंगे।

### अनुदेश

1) शीर्षक पृष्ठ होना चाहिए। इसमें इन विवरणों को शामिल करें : नाम, एनरोलमेंट नंबर, ईमेल, क्षेत्रिय केंद्र, अध्ययन केंद्र, कार्यक्रम का शीर्षक और कोड, पाठ्यक्रम का शीर्षक और कोड और ट्यूटोरियल कोड।
2) A4 आकार का कागज उपयोग कीजिए।
3) तालिका बनाने के लिए कोरा कागज का उपयोग कीजिए और तालिका और आलेख को पैन्सिल से खीचिए।
4) आपके उत्तर अपने शब्दों में होने चाहिए।
5) सत्रीय कार्य तथा ट्यूटोरियल हस्तलिखित होना चाहिए।

### भाग क

### सत्रीय कार्य 1

**नोट** : निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर लगभग 500 शब्दों (जहाँ कहीं भी उपयुक्त हो) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का हैं। 2x20 = 40

१. वर्णात्मक एवं आनुमानिक सांख्यिकी की चर्चा कीजिये !

२. निम्नलिखित आंकड़ों के लिए परास, चतुर्थक विचलन, औसत विचलन और मानक विचलन की गणना कीजिए ! 45, 40, 37, 41, 50, 54, 54, 55, 57, 59

### सत्रीय कार्य 2

**नोट** : निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर लगभग 100 शब्दों (जहाँ कहीं भी उपयुक्त हो) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का हैं। 6x5 = 30

३. सहसम्बन्ध की दिशा और परिमाण का वर्णन कीजिए !

४. शतमक और शतमक कोटि के अवधारणा की व्याख्या कीजिए !

५. आविर्ती वितरण को उपयुक्त उदाहरण के साथ व्याख्या कीजिये !

६. निम्नलिखित आकंड़ों के आधार पर ग = 55 के लिए⁄ स्कोर की गणना करें: 40, 50, 56, 60, 70

७. निम्नलिखित आँकड़ों के लिए माध्य और माध्यिका की गणना करें 40, 43, 44, 48, 52, 53, 57, 58, 60, 62

८. सामान्य संभाव्यता वक्र (एनपीसी) के गुणों का वर्णन कीजिए ।

## भाग ख

## ट्यूटोरियल

(ट्यूटोरियल अध्ययन केन्द्र पर अलग से जमा किया जाएगा)

पाठ्यक्रम कोडः **BPCC-104**
ट्यूटोरियल कोड : ट्यूटोरियल/ जुलाई, 2025 - जनवरी, 2026
अधिकतम अंकः **30**

**नोटः निर्देशानुसार क्रियाकल्प को पूरा कीजिए। सभी क्रियाकल्प अनिवार्य हैं।** अंकः 30

अनुदेश

1) शीर्षक पृष्ठ होना चाहिए। इसमें इन विवरणों को शामिल करें : नाम, एनरोलमेंट नंबर, ईमेल, क्षेत्रिय केंद्र, अध्ययन केंद्र, कार्यक्रम का शीर्षक और कोड, पाठ्यक्रम का शीर्षक और कोड और ट्यूटोरियल कोड।
2) A4 आकार का कागज उपयोग कीजिए।
3) तालिका बनाने के लिए कोरा कागज का उपयोग कीजिए और तालिका और आलेख को पैन्सिल से खीचिए।
4) आपके उत्तर अपने शब्दों में होने चाहिए।
5) सत्रीय कार्य तथा ट्यूटोरियल हस्तलिखित होना चाहिए।

**क्रियाकल्प 1** : 50 व्यक्तियों (25 पुरुष और 25 महिला) से दो सतत चरों (जैसे, साप्ताहिक अध्ययन के घंटे और औसत रात्रिकालीन नींद के घंटे) से संबंधित आँकड़े एकत्र करें। प्राप्त आँकड़ों को सारणीबद्ध (टेबल) रूप में दर्ज करें, जिसमें प्रतिभागी का लिंग, अध्ययन के घंटे और नींद के घंटे शामिल हों। पुरुष और महिला समूहों के लिए अलग–अलग तथा संयुक्त नमूने के लिए, दोनों चरों के लिए केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप (औसत, माध्यिका और बहुलक) तथा प्रसार के माप (मानक विचलन) की गणना करें। 20

**क्रियाकल्प 2** : बी.पी.सी.सी.–104 में से अपनी पसंद की कोई एक खंड लें और लगभग 500 शब्दों में उसकी समीक्षा लिखिए। समीक्षा आपके अपने शब्दों में होनी चाहिए और खंड के महत्वपूर्ण पहलुओं को सम्मिलित होना चाहिए। 10